यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

भारत-मलेशिया व्यापार का भारतीय रुपए में निपटान

मुंबई* , *1 अप्रैल, 2023 : भारत और मलेशिया के बीच व्यापार अब अन्य मुद्राओं में निपटान के मौजूदा तरीकों के साथ - साथ, भारतीय रुपए में भी तय किया जा सकता है. यह जुलाई 2022 में भारतीय रिज़र्व बैंक (भारत का केंद्रीय बैंक) द्वारा भारतीय रुपए में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के निपटान की अनुमति देने के निर्णय के अनुसरण में है. इस उपाय का उद्देश्य भारतीय रुपए में वैश्विक व्यापार के विकास को सुगम बनाना तथा वैश्विक व्यापारिक समुदाय के हितोंएसएस का समर्थन करना है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत का पहला बैंक है जिसने मलेशिया में अपने संबंधित बैंक यानी इंडिया इंटरनेशनल बैंक ऑफ मलेशिया के माध्यम से एक विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता खोलकर इस तंत्र का परिचालन आरंभ किया है.

यह तंत्र भारतीय और मलेशियाई व्यापारियों को भारतीय रुपए में व्यापार का बीजक बनाने का अवसर देगा तथा व्यापार की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायक होगा. इस तंत्र से दोनों पक्षों के व्यापारियों को भी लाभ होने की उम्मीद है क्योंकि वे सीधे भारतीय रुपए में व्यापार कर सकते हैं और इसलिए मुद्रा संपरिवर्तन मूल्यांतर पर बचत कर सकते हैं.

भारत-मलेशिया द्विपक्षीय व्यापार, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 19.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, भारतीय रुपए में निपटाने के विकल्प से द्विपक्षीय व्यापार को लाभ होगा.

****

प्रेस विज्ञप्ति

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जारी
महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेली: 22892500; ईमेल: gm.ccd@unionbankofindia.bank
कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021

Classification: Public